# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026




# राज्य में कभी नहीं बनेगी कांग्रेस सरकार, पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएगी भाजपा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंगेली

छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा है कि अगले कई सालों तक तो राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने की कोई संभावना नहीं है और पूर्ण बहुमत से हर चुनाव में भाजपा की जीत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में बैठी सरकार की नीयत यदि सच्ची हो तो जन कल्याणकारी योजनाएं बनती हैं और लोगों तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में मुंगेली जिले के लिए 1500 करोड़ के काम स्वीकृत हुए हैं और उन पर तेजी से कम हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री और शासन में बैठे अधिकारी लगातार इन कामों की मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। मुंगेली जिला जल्द ही अग्रणी जिलों में शुमार होगा। मुंगेली में हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद 2026 कार्यक्रम के दौरान प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से अनेक मुद्दों पर खास बातचीत की।

**प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से अनेक मुद्दों पर की खास बातचीत**





- **डॉ. द्विवेदी:** 2023 में भाजपा के पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतने के बाद लोग आपको मुख्यमंत्री के तौर पर देख रहे थे, उपमुख्यमंत्री के तौर पर कैसा काम चल रहा है?
- **डिप्टी सीएम :** मुंगेली जिले से मुझे शिक्षा और संस्कार दोनों मिला है। मैंने जब 1990 में एक कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में काम करना शुरू किया था तो कभी नहीं सोचा था कि विधायक या सांसद बनूंगा। प्रदेश का उपमुख्यमंत्री बनना तो बहुत दूर की बात है। पार्टी ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं और ईमानदारी से पूरा काम करने की कोशिश कर रहा हूं।
- **डॉ.द्विवेदी:** कांग्रेस के 5 साल और भाजपा के इस 2 साल के कार्यकाल को किस तरह देखते हैं?
- डिप्टी सीएम :यह बताते हुए गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है कि हमने पिछले दो सालों में जनकल्याणकारी योजनाएं गरीब, वंचित वर्ग के लोगों के लिए लागू की है। 36 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने का काम इस सरकार ने किया है तो 90 लाख महिलाओं को महतारी बंधन योजना के तहत एक हजार की राशि हर महीने दी जा रही है। भूपेश सरकार में जो बजट दस हजार करोड़ का हुआ करता था वह हमारी सरकार में 35 हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। यह बात समझनी और जाननी होगी कि सत्ता में बैठे लोग की नीयत जब बेहतर होगी तभी जनता उनको चुनेगी। सत्ता में बैठे लोगों की नीयत से ही सरकार चलती है और योजनाएं जमीनी धरातल पर उतर पाती हैं। 2014 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी उसके बाद ही हर घर शौचालय, हर घर रसोई , हर घर बेहतर पेयजल की व्यवस्था और हर घर प्रधानमंत्री आवास योजना पर काम हो सका है। इसी अच्छी सोच के साथ ही प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने 2000 में ▶▶|शेष पेज 5 पर






# बंगाल की जंग दो चरणों में, केरल-असम समेत चार राज्यों में एक ही दिन वोटिंग

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना चार मई को होगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

## 824 सीटें, 4 मई को आएंगे नतीजे

### असम, केरल, पुडुचेरी में 9 अप्रैल और बंगाल में 23-29 अप्रैल, तमिलनाडु में 29 अप्रैल को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। कुमार ने कहा कि चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है; किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता ▶▶|शेष पेज 5 पर




### किस राज्य में किसकी सरकार

- **प. बंगाल- टीएमसी** ममता बनर्जी
- **असम-भाजपा** हिमंता बिस्वा सरमा
- **केरल- वाम लोकतांत्रिक मोर्चा** -पिनाराई विजयन
- **तमिलनाडु- डीएमके** एम.के. स्टालिन
- **पुडुचेरी- ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस-** एन. रंगास्वामी

### किस राज्य में कैसा हाल

**असम-** 126 सीटों वाली असम विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 20 मई, 2026 को खत्म होने वाला है। साल 2016 में 60 सीटों पर जीत हासिल कर पहली बार सत्ता में आई बीजेपी ने 2021 में भी एक जैसा ही प्रदर्शन किया था। बीजेपी ने कुल 93 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 60 सीट पर जीत दर्ज की और उसके नेतृत्व वाले एनडीए ने कुल 126 सीटों में से 75 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, 2016 के मुकाबले एनडीए को बीते चुनाव में 11 सीटों का घाटा हुआ था।

**पश्चिम बंगाल-** 294 सीटों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस सत्ता में है। यहां बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। इस समय टीएमसी के पास 223 सीटें हैं। हालांकि राज्य में साल 2021 के चुनावों में तृणमूल कांग्रेस ने 213 जबकि बीजेपी ने 77 सीटें ▶▶|शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कारों के लिए शुरू हुआ नामांकन

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए लोगों की असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की प्रक्रिया रविवार से शुरू हो गई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही प्राप्त की जाएंगी।

**दो गिरफ्तार, जब्त अफीम को नष्ट करने एनसीबी से मांगी अनुमति**

# खेत से निकलकर ढाबे-होटल में पहुंचा अफीम का डोडा चूरा

हरिभूमि लगातार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

समोदा के गांव झेंझरी में बरामद आठ करोड़ के अफीम की खेती उजाड़ी जा चुकी है और अब इसे नष्ट करने एनसीबी से अनुमति मांगी जाएगी। बड़ी बात यह है कि यही से निकले अफीम के डोडा चूरा की सप्लाई ढाबे और होटल में हो चुकी थी। पुलिस ने ढाबे और होटल वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि भाजपा नेता विनायक ताम्रकर अपने सहयोगी के साथ मिलकर समोदा में साल भर से अफीम की खेती कर रहा था। अफीम को तीन प्रकार के प्लान के तहत कारोबार को फैलाने की ▶▶|शेष पेज 5 पर



### भिलाई-दुर्ग के ढाबों पर है पुलिस की नजर

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि समोदा से निकले नाले अफीम को विनायक ताम्रकर और उसकी टीम ने राजस्थान से आकर ढाबा चलाने वाले और एमपी के लोगों तक अफीम पहुंचाने का प्लान तैयार किया था और इस पर अमल की तैयारी थी, इस कारण सभी की चेकिंग के लिए टीम बनाकर दबिश दी जा रही है। चेकिंग में दो ढाबा संचालकों को पुलिस ने पकड़ा है। आने वाले दिनों में पुलिस को बड़ा सुराग हाथ लगने की उम्मीद है। इससे बड़ा खुलासा हो सकता है।

### सात दिनों में मिलेगी अनुमति

*सालभर से अफीम का काम कर रहा था। कहां-कहां बेचने का प्लान था, इन सबकी जानकारी ली गई है। अफीम राजस्थान,एमपी और छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी थी। इसके अलावा ढाबा वालों को भी डोडा दिया था। दो संचालकों को पकड़ा गया है। अफीम को सीलबंद कर मालखाने में रखा गया है। एनसीबी और ड्रग निराकरण समिति से अनुमति लेने के बाद इसे नष्ट किया जाएगा। इसमे सात दिन का समय लग सकता है।*

*- विजय अग्रवाल*
*एसएसपी दुर्ग*

### फर्जी कॉल सेंटर के जरिए एक करोड़ की ठगी

**मुंबई।** नवी मुंबई में शेयर बाजार में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों से एक करोड़ रुपए से अधिक की कथित धोखाधड़ी करने वाले एक फर्जी 'कॉल सेंटर' का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की वित्तीय खुफिया और साइबर इकाइयों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 12 मार्च को राबाले एमआईडीसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत महापे के एक औद्योगिक इलाके में संचालित 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की।

### डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार तीन की मौत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद के नवाबगंज इलाके में एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ जाने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुष्पेंद्र (20), अर्पित यादव (18) और निशु (15) के रूप में हुई है और वे सभी एटा के रहने वाले थे। मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक और एक किशोर फर्रुखाबाद की तरफ आ रहे थे। रास्ते में नवाबगंज चौराहे पर आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया।







**खबर संक्षेप**

## सीआरपीएफ जवानों ने किया नक्सल स्मारक को ध्वस्त



**कोंटा।** सीआरपीएफ की 219वीं बटालियन क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन एवं सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। इसी क्रम में नक्सलियों के याद में बनाए गए स्मारक को ध्वस्त कर दिया हैं । शनिवार को कोंटा विकास खंड के मैलासूर एवं दंतेशपुरम गांव के जंगल क्षेत्र में सीआरपीएफ 219वीं बटालियन तथा ई 50वीं बटालियन के संयुक्त नेतृत्व में दंतेशपुरम में तीन नक्सल स्मारको को ग्रामीणों की मौजूदगी एवं सहभागिता से ध्वस्त किया गया । उस स्थान पर सुरक्षा बलों तथा ग्रामीणों ने पौधा लगाया।

## 15 दिन में 7 युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में लगातार



युवको के द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या किए जाने के मामले सामने आने से हड़कम्प के साथ दहशत देखने को मिल रही है। एक पखवाड़े के भीतर मैनपुर थाना क्षेत्र में 6 युवकों ने फांसी लगाकर अपना जीवन लीला सामाप्त कर लिया। रविवार सुबह मैनपुर के लोगों के सामने फिर एक युवक के फांसी लगाए जाने की खबर सामने आने से पूरे नगर व क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर जयंतीनगर निवासी परमेश्वर कश्यप पिता प्रेंम कश्यप उम्र 23 वर्ष शनिवार रात को परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गया और रात को 11 बजे के आसपास घर के भीतर युवक परमेश्वर कश्यप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया इसकी जानकारी रात में ही घर के लोगों को लगने के बाद इसकी जानकारी मैनपुर पुलिस को दिया गया। रविवार सुबह युवक परमेश्वर कश्यप का शव का पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक परमेश्वर कश्यप ट्रेक्टर चालक था और जो मामला सामने आया है उसके अनुसार मोबाईल में बात करते हुए उन्होने आत्म हत्या जैसी कदम उठाने की बात बताई जा रही है।

## तूफान में टेंट का लोहा 11 केवी से टकराया करंट से युवक की मौत

**नगरी।** नगरी विकासखंड के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत आमदी के पास स्थित ग्राम कुम्हड़ाकोट भालूकोना में आदिवासी समाज का दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया था। रविवार को सम्मेलन के अंतिम दिन दोपहर के समय अचानक तेज आंधी-तूफान आ गया, जिससे कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट उखड़ने लगे। तूफान के दौरान टेंट का लोहे का ढांचा ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। उस समय टेंट के खंभों को पकड़े हुए कुछ युवक करंट की चपेट में आ गए। घटना में दो-तीन लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोहित मरकाम (20 वर्ष), पिता जोहर मरकाम, निवासी अर्जुनी के रूप में हुई है। अन्य घायल महिला और पुरुष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई और पूरे क्षेत्र में मातम छा गया।

सूचना मिलने पर दुगली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया।

# पहले गौ को माता का संबोधन जरूरी, बाकी योजनाएं बाद में : अविमुक्तेश्वरानंद

पहले गौ को माता का संबोधन जरूरी है और इसके बाद अन्य योजनाओं पर बात करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में गौधाम योजना पशुपालन का हिस्सा है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि विधानसभा में धर्मांतरण पर विधेयक लाया जा रहा है, अगर इस पर कानून बनता है तो हम बाजा बजाकर इसका स्वागत करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने चार राज्यों समेत एक केंद्रशासित राज्य के चुनाव के ऐलान पर विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हम किसी पार्टी का समर्थन नहीं करते। हमें सिर्फ यह देखना होगा कि कोई गौ घाती सरकार न बना पाए। इसके लिए राज्यों में आवाज उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया था, जिसे भाजपा सरकार ने कैंसिल कर दिया। छत्तीसगढ़ सरकार गौधाम योजना चला रही है, मगर गौ को माता कहने से परहेज कर रही है। उन्होंने कहा, धर्मांतरण पर कानून आया तो उसका स्वागत किया जाएगा, मगर पहले यह बने तो..। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा कि 'जेन सरकार गौ माई ल माई कहि के नई बलाय सकय, ओ सरकार ल हिंदू कहे बर मुस्किल हे'।

**खास बातें**

- धर्मांतरण पर कानून लाएं तो बाजा बजाकर करेंगे स्वागत
- हम किसी पार्टी का समर्थन नहीं करते: शंकराचार्य
- यह देखना होगा कि कोई गौ घाती सरकार न बना पाए। इसके लिए राज्यों में आवाज उठानी पड़ेगी



### तीन दिन रहेंगे राज्य में

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती छत्तीसगढ़ में तीन दिन रहेंगे। इस दौरान वे लक्षेश्वर धाम सलधा बेमेतरा में नवनिर्मित सवा लाख शिवलिंग मंदिर का निरीक्षण कर कार्य में लगे सभी कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे। 18 मार्च को वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## यूपीपीएससी ने छत्तीसगढ़ के सीएस को भेजा पत्र

# यूपीएससी ने डीजीपी नियुक्ति की अधिसूचना मांगी, पूर्णकालिक पोस्टिंग में देरी पर दें जवाब

छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति के मामले को लेकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। इस संबंध में राज्य सरकार के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वह डीजीपी के पद पर नियुक्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी की गई नियुक्ति अधिसूचना की एक प्रति भेजे या एक जवाब प्रस्तुत करे, जिसमें देरी का कारण, या सर्वोच्च न्यायालय के जून 2018 के उपरोक्त आदेश का पालन न करने का कारण स्पष्ट किया गया हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस आदेश में अन्य बातों के साथ-साथ, राज्य सरकार को यह निर्देश दिया गया था कि वह संघ लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार किए गए पैनल में से किसी एक व्यक्ति को नियुक्त करे। नियुक्ति की वर्तमान स्थिति भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जानी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ को भी संबोधित किया गया है। यूपीएससी द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है, छत्तीसगढ़ में डीजीपी (पुलिस बल के प्रमुख) के पद पर नियुक्ति के संबंध में 13 मई 2025 को आयोजित पैनल चयन समिति की बैठक में डीजीपी के पद पर नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करने के बाद, आयोग ने ईसीएम की कार्यवाही मिनिट्स की एक प्रति छत्तीसगढ़ सरकार को इस अनुरोध के साथ भेजी थी कि वे डीजीपी की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना की एक प्रति भेजें। हालांकि नियुक्ति की अधिसूचना की एक प्रति राज्य सरकार से अभी भी प्रतीक्षित है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में अरुण देव गौतम डीजीपी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति पूर्णकालिक नहीं है।

- अरुण देव अभी पूर्णकालिक डीजीपी नहीं

**अलग खबर**







### सुप्रीम कोर्ट ने दिया है ये आदेश

पत्र में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 2018 के निर्णय में, जो गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाश सिंह और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य में दायर एक आईए के संबंध में दिया गया था, अन्य बातों के साथ-साथ स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिया था कि राज्य सरकार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार किए गए पैनल में से किसी एक व्यक्ति को तत्काल नियुक्त करे। सुप्रीम कोर्ट के हवाले से यह भी कहा गया है कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यूपीएससी उन अधिकारियों की पात्रता निर्धारित करेगा, जो वर्तमान में विचार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, और उसके मुताबिक, पैनल चयन के प्रयोजनार्थ उनकी आपसी योग्यता निर्धारित करेगा। बात चाहे जो भी हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रकाश सिंह के मामले में दिए गए निर्देशों का कोई उल्लंघन न हो, हम इसके द्वारा यूपीएससी को यह अधिकार देते हैं कि वह सबसे पहले राज्य सरकारों को पत्र लिखकर यह कहे कि जब भी ऐसा अवसर आए, वे अपने-अपने पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए समय पर प्रस्ताव भेजें और यदि ऐसा प्रस्ताव समय पर जमा नहीं किया जाता है तो हम यूपीएससी को निर्देश देते हैं कि वह इस न्यायालय के निर्देशों को लागू करवाने के लिए, प्रकाश सिंह के मामले में इस न्यायालय के समक्ष एक उचित आवेदन प्रस्तुत करे। पत्र में यूपीएससी ने ये भी कहा है कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इसके आवश्यक परिणाम भुगतने होंगे, जिसमें देरी के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही भी शामिल है।

# खड़े ट्रक में घुसी बाइक 3 युवकों की गई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

बिलासपुर से सिमगा की ओर आ रही मोटरसाइकिल एक ढाबे के पास सड़क पर खड़ी ट्रक के भीतर जा घुसी, जिससे मोटरसाइकिल सवार 3 युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक होण्डा साईन मोटर साइकिल क्रमांक सी जी 22 A जे 2901 में सवार थे। जो रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे गजराज ढाबा के पास बिगड़ी हुई स्थिति में खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 07 जी एच 3103 से जा टकराए। तीनों युवकों के सिर पर गंभीर चोट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक बिना किसी संकेत के अंधेरे में खड़ा था। मोटर साइकिल क्रमांक के पंजीकरण नंबर से पता चला है कि मृतक बेमेतरा जिला के ग्राम किरितपुर के रहने वाले हैं । बता दें कि रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल ढाबों में सड़क किनारे ट्रकों के खड़े रहने से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## तेज रफ्तार पिकअप बाइक से जा टकराई, दो की मौत, एक घायल

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर जा रहे तीन युवकों को पिकअप ने जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरिया से महाराष्ट्र जाने वाले मार्ग में बाइक में सवार होकर तीन लोग जा रहे थे। बताया गया कि वे दोपहर लगभग 12 बजे दामाबंजारी के पास पहुंचे ही थे कि एक पिकअप वाहन ने ठोकर मार दिया। इस जबर्दस्त दुर्घटना में बाइक में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में तामेश्वर साहू व टिकेन्द्र निषाद की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि दोनों मृतक युवक ग्राम भकुर्रा के हैं।

## कुछ फटने की आवाज के साथ लगी आग

# घटारानी में 16 दुकानों में आग 15 लाख का सामान हुआ खाक



**छुईहा बेलर।** प्रदेश के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल घटारानी में शनिवार की दरम्यानी रात भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। रात करीब 2 बजे लगी इस आग ने नियमित बाजार की 16 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दुकानदारों का लगभग 15 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का पता तब चला जब मंदिर के पुजारी धनसिंग ध्रुव को रात करीब 2 बजे कुछ फटने जैसी तेज आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों और दुकानदारों को सूचित किया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुँचे, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी शरारती तत्व या महुआ बीनने वालों द्वारा फैलाई गई आग के कारण यह हादसा हुआ होगा। पुलिस फिलहाल मामले की जाँच कर रही है।

पानी की किल्लत ने फेरा उम्मीदों पर पानी- आग बुझाने के लिए ग्रामीण और दुकानदार बर्तनों में पानी लेकर दौड़े, लेकिन घटारानी परिसर में पानी की भारी किल्लत होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि यदि परिसर में पानी की उचित



व्यवस्था होती, तो दुकानों को जलने से बचाया जा सकता था। सूचना पाकर रात 3 बजे तक अन्य दुकानदार भी पहुँचे, लेकिन तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था। आग में प्रभावित दुकानदारों में भीखम साहू (जमाही) को 5 लाख, राजेंद्र ध्रुव (जमाही) को 2 लाख, सुनिता देवांगन (चरौदा) को 5 लाख, मनोज यादव (फुलझर) को 12 हजार, लीला राम गंधर्व (फुलझर) को 12 हजार, खेमन ध्रुव (फुलझर) को 15 हजार, रामकुमार यादव (जमाही) को 15 हजार, मदन ध्रुव (फुलझर) को 15 हजार, महेंद्र साहू (फुलझर) को 20 हजार, नोहर (धनसिंग) को 15 हजार, पूनम साहू (मुरमुरा) को 25 हजार, खेलावन ध्रुव (टेमन चरौद) शामिल है ।

**तीन वर्ष पूर्व मौदहापारा थाना क्षेत्र की घटना**

# युवक को चोर समझकर की हत्या 'आंबेडकर' के पांच सुरक्षा गार्ड्स को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

मौदहापारा थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व एक युवक की हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, वे सभी आंबेडकर अस्पताल के गार्ड हैं। आरोपियों ने मृतक को चोर समझकर अधमरा होते तक पिटाई करने के बाद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार, कोर्ट ने रोहित कुमार कुशवाहा की हत्या के आरोप में सुभाषचंद्र यादव, भूपेंद्र मिश्रा, जयनारायण सिंह तथा योगेंद्र मिश्रा को कैद की सजा सुनाई है। पांच आरोपी मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं।



### साल 2023 की घटना

पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक वर्ष 2023 को 5-6 दरमियानी रात रोहित आंबेडकर अस्पताल के पास फिजोयोथैरेपी कॉलेज के पास घूम रहा था। इस दौरान पांचों सुरक्षा गार्ड रोहित को चोर समझे और अधमरा होने तक पिटाई करने के बाद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा दिए, जहां रोहित की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### परिजनों ने बताया- काम की तलाश में आया था

मृतक के परिजनों ने पुलिस को अपने बयान में बताया था कि रोहित काम की तलाश में रायपुर आया था। पिछले कई दिनों से काम नहीं मिलने की वजह से भूखा-प्यासा भटक रहा था। सुरक्षा कर्मियों ने रोहित से बगैर पूछताछ किए उसके साथ मारपीट की। रोहित की मौत के बाद आरोपी सुरक्षाकर्मियों ने थाने में सूचना दी थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज से आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## गरियाबंद से लगे ओडिशा के कालाहांडी में डाले हाथियार

# 1.34 करोड़ के इनामी 11 नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले की सीमा से लगे ओडिशा के कालाहांडी जिले से पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। यहां प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन की कमर तोड़ते हुए बंसधारा–घुमसर– नागाबली (बीजीएन) डिवीजन के 11 सक्रिय और खूंखार नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन पर 1 करोड़ 34 लाख रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित था। इस सामूहिक आत्मसमर्पण के साथ ही क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों के एक पूरे डिवीजन को ध्वस्त माना जा रहा है।

कालाहांडी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन के उच्च पदों पर आसीन कैडर



शामिल हैं। इनमें एक डिवीजनल कमेटी मेंबर (डीवीसीएम), पांच एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) और पांच पार्टी मेंबर शामिल हैं।

**बीजीएन (बीजीएन) डिवीजन का हुआ पूर्ण सफाया :** पुलिस अधिकारियों ने इस घटनाक्रम को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। बंसधारा–घुमसर–नागाबली (बीजीएन) डिवीजन लंबे समय से ओडिशा के दुर्गम क्षेत्रों में सक्रिय था। इस डिवीजन के 11 प्रमुख सदस्यों के एक साथ मुख्यधारा में लौटने से अब यह डिवीजन पूरी तरह से निष्क्रिय और समाप्त हो गया है।

### इन्होंने किया सर्मपण

– राजू कोला उर्फ चंद्रा उर्फ नकुल (डीवीसीएम) रायगढ़ एरिया कमेटी के डिवीजनल कमेटी मेंबर के रूप में सक्रिय था। नंगल कुंजाम उर्फ जीतू (एसीएम)जोडियो सोडी उर्फ सुनीता (एसीएम)हिडमे मिडियम उर्फ संध्या ((एसीएम ) सुकी पुनेम उर्फ रनोती (एसीएम )।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्तर-कांकेर-गढ़चिरौली बॉर्डर पर स्थित कोहका के पहाड़ी में कैंप कर रहे आरकेबी डिवीजन कमेटी के नक्सली दस्ते के साथ आज दोपहर 3 बजे के लगभग भीषण मुठभेड़ हुई है। जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। औंधी थाना व आईटीबीपी जिला पुलिस बल की संयुक्त पार्टी को रवाना किया गया। कोहकाटोला के पहाड़ी में सुरक्षा बलों के पहुंचते ही नक्सलियों के दस्ते ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान पहाड़ी का आड़ लेकर नक्सली वहां से भाग निकले। मुठभेड़ स्थल से एक इंसास राइफल और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद हुआ है।

रायपुर
सोमवार 16 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 233
पृष्ठ : 10+4 =14, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 24.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

*थोक में घट गए दाम, पोल्ट्री में पौने चार रुपए*

# युद्ध की आग में उबला अंडा, कुवैत जाना बंद, रोज 20 लाख अंडे बच रहे, चिल्हर में कीमत साढ़े पांच रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण देश से रोज एक करोड़ अंडों का कुवैत जाना बंद हो गया है। ऐसा होने से छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना कम हो गया है तो अब छत्तीसगढ़ में भी बीते एक सप्ताह से रोज 20 लाख अंडों का स्टॉक हो रहा है। इसको कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ रहा है। इधर गर्मी के कारण खपत भी कम हो गई है। ऐसे में अंडों की कीमत भी अब आसमान से जमीन पर आ गई है। पोल्ट्री में इसके दाम पौने चार रुपए हैं जबकि चिल्हर में यह 5.50 रुपए हो गया है। आने वाले समय में इसके दाम और कम हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है तब बहुत परेशानी होती है। उत्पादन तो रुक नहीं सकता है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

**प्रदेश में रोज होता है 80 लाख अंडों का उत्पादन**



**दाम हो गए कम**

ठंड के मौसम में अंडों की खपत बढ़ने के कारण प्रदेश में इसके दाम चिल्हर में साढ़े आठ रुपए चल हो गए थे। अब इसके दाम बहुत कम हो गए हैं। पोल्ट्री में इसके दाम पौने चार रुपए हैं, जबकि थोक में चिकन की दुकानों में इसके दाम एक एक दर्जन के 60 रुपए हो गए हैं। किराना दुकानों में यह चिल्हर में 5.50 रुपए में बिक रहा है।



**रोज एक करोड़ अंडे जाते हैं कुवैत**

*छत्तीसगढ़ के पोल्ट्री कारोबारियों के मुताबिक अपने राज्य छत्तीसगढ़ से भले कुवैत या अन्य किसी देश में अंडे नहीं जाते हैं, लेकिन दक्षिण के राज्यों से जरूर रोज एक करोड़ अंडों का स्टॉक कुवैत जाता है। इसका जाना अब युद्ध के कारण बंद हो गया है। ऐसा होने से कुवैत अंडे भेजने वाले राज्य अपने अंडों की खपत देश के दूसरे राज्यों में कम कीमत पर कर रहे हैं तो छत्तीसगढ़ से अंडों का दूसरे राज्यों में जाना कम हो गया है। छत्तीसगढ़ से रोज 40 से 45 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, इसका आधा ही अब दूसरे राज्यों में जा पा रहा है। इसी के साथ अपने राज्य में भी गर्मी के करण खपत कुछ कम हो गई है तो रोज प्रदेश में 20 लाख के आस-पास अंडों का स्टॉक बच रहा है।*

**रोज बच रहा स्टॉक**

देश से अंडों का कुवैत जाना बंद होने के कारण अपने राज्य से दूसरे राज्यों में अंडों का जाना कम होने के कारण रोज 20 लाख अंडों का स्टॉक बच रहा है। दाम भी अब कम हो गए हैं।

-**धनराज बैनर्जी,** पोल्ट्री फार्म कारोबारी

# 'अमृत' नहीं नमक... 900 सैंपल की जांच में 93 फीसदी फेल

## आईडीडी प्रयोगशाला में सैंपल जांच की रिपोर्ट, सरकारी नमक भी गड़बड़



प्रशासकीय प्रतिवेदन, वर्ष 2025-26

कार्यक्रम अंतर्गत महत्वपूर्ण डेटा:-

- NFHS-5 2020-21 द्वारा प्रस्तुत आंकड़े अनुसार राज्य में आयोडीन युक्त नमक का उपभोग 98.5% है।
- राज्य आईडीडी प्रयोगशाला जो की निगरानी इकाई हैं जिसके माध्यम से 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक 2275 नमक के नमूने का परीक्षण किया गया जिसमें 2124 नमक के नमूने में पर्याप्त आयोडीन की मात्रा पाई गई। 151 नमक के नमूने में निर्धारित मात्रा से कम आयोडीन पाई गई।
- 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक यूरिन के 901 नमूनों में आयोडीन का परीक्षण किया गया जिसमें 838 नमूनों में निर्धारित मात्रा से अधिक आयोडीन पाई गई एवं 63 यूरिन के नमूनों में निर्धारित मात्रा से कम आयोडीन पाई गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ में सरकारी राशन दुकानों से मुफ्त बांटे जा रहे अमृत नमक और बाजार में बिकने वाले आयोडीन युक्त नमक में भी क्या शुद्धता की गारंटी नहीं रह गई है? यह सवाल इसलिए, क्योंकि राज्य आईडीडी प्रयोगशाला में यूरिन के 901 नमूनों की जांच की गई तो 838 में आयोडीन की मात्रा अधिक पाई गई। यही नहीं, 63 यूरिन के सैंपल में निर्धारित से कम आयोडीन की मात्रा मिली। **ये है मामला:** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम 2013-14 से चल रहा है। राज्य के सभी जिलों और विकासखंडों में यह कार्यक्रम चलाया जा ▶▶|शेष पेज 5 पर

**कहीं ज्यादा कहीं कम, यही तो है गड़बड़ी**

छत्तीसगढ़ में 98.5 प्रतिशत लोग आयोडीन युक्त नमक का उपयोग करते हैं, राज्य प्रयोगशाला में 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 के बीच 2 हजार 275 सैंपल की जांच में 151 में कम आयोडीन पाया गया। खास बात ये है कि सरकार खुद जो प्रचार अभियान चला रही है, उसमें कहा जा रहा है कि आयोडीन की कमी से गंभीर और स्थायी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जिसका कोई उपचार नहीं है। यह भी कहा जा रहा है कि रोजाना आयोडीन युक्त नमक ही खाएं।



**यूरिन में अधिक आयोडीन के खतरे**

यूरिन (मूत्र) में आयोडीन का स्तर शरीर में आयोडीन की खपत और उसके उत्सर्जन को दर्शाता है। यदि यूरिन में आयोडीन की मात्रा सामान्य से बहुत अधिक आ रही है तो इसके प्रभाव और कारण हो सकते हैं। थायराइड ग्रंथि पर प्रभाव, शरीर में आयोडीन की अत्यधिक मात्रा थायराइड ग्रंथि के कामकाज को प्रभावित कर सकती है। हाइपोथायरायडिज्म अत्यधिक आयोडीन थायराइड हार्मोन के उत्पादन को असामान्य रूप से बढ़ा सकता है, जिससे घबराहट, वजन कम होना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हाइपोथायरायडिज्म होने से कभी-कभी बहुत अधिक आयोडीन 'वोल्फ-चैकॉफ प्रभाव' के कारण थायराइड हार्मोन के उत्पादन को अस्थायी रूप से बंद या कम कर देता है। थायराइड में सूजन इसे 'आयोडीन-प्रेरित थायरायडिटिस' भी कहा जाता है, जिससे गले में सूजन महसूस हो सकती है। यही नहीं, यदि आयोडीन ▶▶|शेष पेज 5 पर

## फुजैराह से 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल लेकर आ रहा भारतीय जहाज

# खाड़ी देशों में बढ़ा युद्ध का खतरा, जंग के बीच यूएई से सुरक्षित निकला 'जग लाडकी'

*पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब खाड़ी देशों तक फैलने का खतरा पैदा कर रहा है। ईरान की ओर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े बंदरगाहों को खाली करने की चेतावनी के एक दिन बाद रविवार सुबह खाड़ी देशों में नए हमलों की खबर सामने आई। हालात ऐसे बन गए हैं कि समुद्री रास्तों और ऊर्जा आपूर्ति पर भी संकट की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, भारत के लिए राहत की एक और खबर आई। तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है।*



**एलपीजी संकट के बीच सरकार बोली- ईंधन की कमी नहीं**

*पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है। यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है, जबकि 13 मार्च को यह 88.8 लाख थी। सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ दुबई

अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग जारी है। भारत सरकार ने रविवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नज़र रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। 'जग लाडकी' नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10.30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, ▶▶|शेष पेज 5 पर

- **बहरीन, यूएई और कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान का हमला**




**युद्ध ने बंद किया होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता**

इस लड़ाई की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्यम बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों की ऊर्जा आपूर्ति का मुख्य रास्ता है। हालांकि, भारत ने रूस जैसे देशों से तेल मंगाकर कच्चे तेल की आपूर्ति में सुधार किया है, लेकिन औद्योगिक ग्राहकों को गैस आपूर्ति कम कर दी गई है। होटल और रेस्तरांओं के लिए भी एलपीजी में कमी की गई है। सरकार ने कहा है कि पोत परिवहन महानिदेशालय जहाज मालिकों, आरएसपीएल एजेंसियों और भारतीय दूतावासों के साथ मिलकर स्थिति पर नज़र रख रहा है।

**ईरान ने दागी मिसाइल**

*ईरान ने शनिवार को युद्ध के 49वें दौर में ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 शुरू किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने भारी मिसाइलों और ड्रोन से संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत में तीन अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इससे पहले दिन में 47वें और 48वें दौर में ईरान ने इजरायली ठिकानों और क्षेत्र के अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।*

**कुवैत और यूएई में भारतीयों के लिए एडवाइजरी**

कुवैत में भारतीय दूतावास की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, राजदूत परमिता त्रिपाठी ने रविवार को कुवैत में काम कर रही भारतीय एयर कैरियर्स के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बातचीत की। राजदूत परमिता ने कुवैत से सऊदी अरब के रास्ते भारत आने वाले भारतीय नागरिकों की इमरजेंसी यात्रा में मदद करने के लिए समीक्षा की।

**फार्महाउस में छापेमारी**

# ड्रग' लेते पकड़े गए टीडीपी सांसद और पूर्व विधायक!

**हैदराबाद।** तेदेपा के नेता एवं आंध्र प्रदेश से सांसद पुट्टा महेश कुमार और भारत राष्ट्र समिति के नेता एवं पूर्व विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित छह लोगों को कथित रूप से नशीले पदार्थ का सेवन करने के मामले में हिरासत में लिया गया है। हैदराबाद के पास मोइनाबाद स्थित रोहित रेड्डी के स्वामित्व वाले एक फार्महाउस में स्थानीय पुलिस दलों के साथ समन्वय कर शनिवार रात वहां छापा मारा।

**दो ग्राम मादक पदार्थ बरामद**

यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि उन्होंने मादक पदार्थों का सेवन फार्महाउस परिसर में किया था या किसी अन्य स्थान पर किया था। पार्टी से दो ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया है। उसे फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है।

# खाई में गिरी बस, सात तीर्थयात्रियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के मध्य क्षेत्र में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई।

**इनकी हो गई मौत**

पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है।

# गंगालुर क्षेत्र की तीन स्कूली छात्राएं गर्भवती!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के संवेदनशील गंगालुर क्षेत्र से 3 स्कूली छात्राओं के गर्भवती होने की खबर से हड़कंप मच गया है। इनमें दो 12वीं की और एक 11वीं की छात्रा है, जिन्होंने हाल ही में परीक्षा भी दी है। बताया जा रहा है कि ये छात्राएं करीब 5 माह की गर्भवती हैं। और तो और स्वास्थ्य विभाग ने इनका प्रसव कार्ड भी बना ▶▶|शेष पेज 5 पर

**छात्रा 5 माह से अनुपस्थित**

जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि जिन 2 छात्राओं का उल्लेख किया गया है। वे पोटाकेबिन हाईस्कूल छात्रावास में न तो अध्ययनरत हैं और न ही निवासरत हैं। ये छात्राएं गैर आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत थीं। जिस छात्रा के छात्रावास में रहने की बात कही जा रही है, वह पिछले 5 माह से अनुपस्थित है। उसे छात्रावास से नहीं निकाला गया है।

**कांग्रेस ने सरकार को घेरा, बनाएगी जांच कमेटी**

इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि बीजापुर जिले के गंगालूर में तीन स्कूली छात्रों का गर्भवती होना बहुत गंभीर मामला है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से जांच कमेटी का गठन किया जाएगा, जो मौके पर जाकर मामले की जांच कर रिपोर्ट देगी। उनको कहा कि बीजेपी सरकार जब भी रही है आदिवासी बच्चे सुरक्षित नहीं रहे हैं। पहले झलियामारी की घटना हुई और अब गंगालूर की तीन छात्राएं गर्भवती हो गई। मामला काफी गंभीर है इस पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी ही सुरक्षित नहीं हैं।

**देश में पहली बार इच्छामृत्यु**

# सबको माफ करते हुए... हरीश की दुनिया से विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जिंदगी हर इंसान को प्यारी ही होती है। हर पल जीवन का कीमती माना जाता है, लेकिन गाजियाबाद के हरीश राणा की किस्मत कुछ और ही कहानी लिख रही थी। हरीश राणा का लाइफ सपोर्ट सिस्टम अब हटा दिया गया है। उनकी दुनिया से विदा करने की तैयारी की जा रही है।

इसी से जुड़ा एक बेहद भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनकी इस दुनिया से विदाई की तैयारी दिखाई देती है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे करीब 22 सेकंड के वीडियो ने लोगों को भावुक कर दिया है। वीडियो में हरीश ▶▶|शेष पेज 5 पर

**घर से दिल्ली स्थित एम्स में शिफ्ट**

हरीश राणा को घर से दिल्ली स्थित एम्स में शिफ्ट किया गया है। यहां डॉक्टरों की एक विशेष टीम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार पैसिव यूथेनेशिया की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। हरीश पिछले लगभग 13 साल से बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़े थे और डॉक्टरों के मुताबिक उनके ठीक होने की कोई संभावना नहीं बची थी। इसी स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एम्स की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर इच्छामृत्यु की याचिका पर फैसला सुनाया। दालत ने निर्देश दिया कि एम्स में सम्मानजनक तरीके से उनके जीवन के अंतिम चरण की चिकित्सा प्रक्रिया पूरी की जाए।



*नेशनल हाईवे पर अक्सर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए एक अहम खबर है। एक अप्रैल 2026 से फास्टैग से जुड़े सालाना टोल पास की कीमत बढ़ने जा रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सालाना पास की दरों में संशोधन किया है।*

# 1 अप्रैल से फास्टैग पास हुआ महंगा, चुकाने होंगे 75 रुपए ज्यादा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दरों के अनुसार अब वाहन मालिकों को 3,000 रुपये की जगह 3,075 रुपये का भुगतान करना होगा। यह पास मुख्य रूप से उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अक्सर नेशनल हाईवे पर यात्रा करते हैं और बार-बार टोल भुगतान से बचना चाहते हैं। एनएचएआई ने सभी टोल प्लाजा संचालकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू कर दी जाएं। साथ ही यात्रियों और अन्य हितधारकों को इसकी जानकारी देने को भी कहा गया है।

### सालाना पास की वैलिडिटी कैसे काम करती है

सालाना टोल पास की वैधता एक वर्ष या 200 टोल क्रॉसिंग तक होती है। इसका मतलब है कि यदि कोई वाहन 200 बार टोल प्लाजा पार कर लेता है, तो पास की वैलिडिटी वहीं खत्म हो जाएगी, भले ही एक साल पूरा न हुआ हो। दूसरी ओर यदि 200 बार टोल क्रॉसिंग नहीं हुई है, तो पास पूरे एक साल तक वैध रहता है।




### केवल निजी वाहनों के लिए है यह सुविधा

सालाना टोल पास केवल नॉन-कमर्शियल यानी निजी वाहनों के लिए उपलब्ध होता है. इसका लाभ उठाने के लिए वाहन में एक्टिव फास्टैग लगा होना अनिवार्य है। इससे टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारों और समय की बर्बादी से बचा जा सकता है। फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है, जिसके जरिए वाहन चालक बिना रुके टोल प्लाजा पार कर सकते हैं।

### ऐसे बनवाएं सालाना टोल पास

आसानी से सालाना टोल पास बनवाने के लिए वाहन मालिकों को एनएचएआई की वेबसाइट या अपने फास्टैग जारी करने वाले बैंक या ऐप के पोर्टल पर लॉग-इन करना होगा। इसके बाद सालाना पास के लिए आवेदन कर निर्धारित फीस का ऑनलाइन भुगतान करना होता है। भुगतान पूरा होते ही पास वाहन के फास्टैग से लिंक हो जाता है और वाहन चालक टोल प्लाजा पर बिना अतिरिक्त भुगतान के इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### हर साल होती है टोल दरों की समीक्षा

सरकार के अनुसार टोल दरों की हर साल समीक्षा की जाती है और आर्थिक परिस्थितियों तथा रखरखाव खर्च को ध्यान में रखते हुए दरों में बदलाव किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत इस बार सालाना पास की कीमत में मामूली बढ़ोतरी की गई है। **यात्रियों के लिए अब भी फायदेमंद विकल्प** : हालांकि कीमत में थोड़ी वृद्धि हुई है, लेकिन नियमित रूप से हाईवे पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह पास अब भी सुविधाजनक माना जा रहा है। इससे हर बार टोल भुगतान करने की जरूरत नहीं पड़ती और यात्रा अधिक आसान हो जाती है।

## सभी दलों को सता रहा हॉर्स ट्रेडिंग का डर, दिन में मतदान, शाम को मतगणना

# रास चुनाव आज : भाजपा-कांग्रेस, बीजद राजद ने अपने विधायकों को किया शिफ्ट

*आज 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले सभी दलों को हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा है। हर पार्टी को प्रत्याशी के खिलाफ क्रास वोटिंग का डर सता रहा है जिस कारण भाजपा, कांग्रेस, बीजू जनता दल व राष्ट्रीय जनता दल सहित अन्य दलों ने भी अपने-अपने विधायकों को यहां-वहां शिफ्ट कर दिया है। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव आज होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। शनिवार शाम भुवनेश्वर स्थित भाजपा मुख्यालय में बैठक के बाद मंत्री और विधायक दो लग्जरी बसों से पारादीप के लिए रवाना हुए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी विधायक पारादीप में दिलीप राय के होटल में ठहरेंगे। इससे पहले ओडिशा कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला रिजॉर्ट भेजा था। इसी प्रकार हरियाणा, बिहार सहित अन्य राज्यों में भी विधायकों को या तो एक ही जगह रखा गया है या फिर उन पर नजर बनाए रखी जा रही है।

### ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव

ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिसमें भाजपा को दो और बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है। चौथी सीट के भाजपा और बीजेडी प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है।



### हरियाणा : कांग्रेस के 31 विधायक शिमला पहुंचे

हरियाणा की दो राज्यसभा सीटों पर चुनाव से पहले ही कांग्रेस और बीजेपी ने अपने विधायकों शिफ्ट कर दिया है। कांग्रेस अपने 31 विधायकों को लेकर शिमला पहुंच गई है तो बीजेपी ने अपने सभी विधायकों को चंडीगढ़ शिफ्ट कर दिया है। कांग्रेस के 31 विधायकों को शुक्रवार शाम तीन छोटी बसों में वाहनों के काफिले की सुरक्षा के साथ कुफरी लाया गया और उनके लिए कुल 37 कमरे बुक किए गए हैं।

### बिहार में एनडीए की रणनीति तय, जुटे सभी विधायक

बिहार में राज्य सभा की 5 सीटों को लेकर एनडीए विधायकों की डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के घर पर बैठक हुई। एनडीए की ओर से बीजेपी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश राम को, जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर को, राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने पार्टी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है। इधर, महागठबंधन प्रत्याशी के भी चुनाव मैदान में आने के बाद पांच सीटों पर छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिससे मुकाबला रोचक हो गया है।

### बीजेडी ने हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगाया

ओडिशा बीजेडी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई। उन्होंने भाजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग की कोशिश का आरोप लगाया है। शनिवार को विधायकों को बेंगलुरु भेज दिया गया। सिर्फ 4 विधायक विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए भुवनेश्वर में ही मौजूद हैं। **कांग्रेस का अपने विधायक से संपर्क टूटा** : मोहना से कांग्रेस विधायक दशरथी गोमांगो से संपर्क नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस विधायक दल के नेता रामचंद्र कदम ने कहा कि उनसे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

# भाजपा ने टीवीके को 80 सीटें, थलापति को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग आज तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव तिथियां घोषित होने के साथ ही तमिलनाडु में पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर हलचल तेज हो गई है। खबर है कि भाजपा और अभिनेता थलापति विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) में गठबंधन को लेकर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। चुनाव जीतने की स्थिति में भाजपा ने विजय को उपमुख्यमंत्री पद देने की पेशकश की है। भाजपा की टीवीके में दिलचस्पी का एक बड़ा कारण विजय की पूरे तमिलनाडु में भारी लोकप्रियता है। उनकी रैलियों में भारी भीड़ उमड़ रही है। पार्टी का मानना है कि इस लोकप्रियता का एक छोटा सा हिस्सा भी आगामी विधानसभा चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में 2 प्रतिशत वोट भी जीत की दिशा बदल सकते हैं।

### तमिलनाडु में विजय के आने से मुकाबला रोचक

बता दें कि तमिलनाडु की 234 सीटों वाली विधानसभा में इस साल चुनाव होना है। डीएमके-कांग्रेस का गठबंधन हो चुका है और भाजपा-एआईएडीएमके में गठबंधन को लेकर चर्चा चल रही है। वहीं, अभिनेता थलापति विजय ने पहली बार चुनावी मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 158 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। वहीं, एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन को 66 सीटें मिली थीं और वो विपक्ष में रहा।



### टीवीके को 80 सीटें दे सकती है भाजपा

भाजपा सूत्रों के हवाले से बताया है कि सीट बंटवारे के तहत, भाजपा ने टीवीके को लगभग 80 सीटें देने की भी पेशकश की है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पार्टियों में बातचीत अभी भी अनसुलझी है, क्योंकि विजय कथित तौर पर मुख्यमंत्री पद पर अड़े हुए हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा की ओर से एक बड़े राज्य के उपमुख्यमंत्री इस पूरी वार्ता में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### पिता ने कांग्रेस को लेकर दिया था बड़ा बयान

गौरतलब है कि जनवरी में विजय के पिता एसए चंद्रशेखर ने टीवीके द्वारा कांग्रेस को समर्थन दिए जाने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, कांग्रेस का एक लंबा इतिहास और विरासत है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम लड़ा और अब यह एक ऐसी पार्टी है जिसका प्रभाव कम हो रहा है। विजय उन्हें समर्थन देने और उनकी पुरानी प्रतिष्ठा वापस दिलाने के लिए तैयार हैं।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
नकली माल से सावधान

### तुर्की के विमान से रवाना हुए नाविक

# भीषण जंग में रुके ईरानी जहाज के कुछ सदस्यों को भेजा स्वदेश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने कोच्चि में खड़े ईरानी नौसेना के जहाज लावन के कुछ सदस्यों को ईरान रवाना कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में इस मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया कि जहाज से जुड़े गैर-जरूरी सदस्यों को ईरान भेज दिया गया है। हालांकि, अभी भी 50 से ज्यादा लोग भारत में ही हैं। बता दें कि ये जहाज 4 मार्च से कोच्चि में रुका है। इस पर चालक दल के 183 सदस्य हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन सदस्यों को तुर्की एयरलाइन के एक विमान से भारत से रवाना किया गया है। ये विमान कोलंबो से उन 80 से ज्यादा ईरानी नाविकों के शव ला रहा था, जो 4 मार्च को श्रीलंका के नजदीक एक अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में मारे गए थे।

### भीषण जंग के बीच भारत ने दी थी शरण

दरअसल, ईरानी नौसेना के 3 जहाज भारत में सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने आए थे। इनके लौटते वक्त ईरान और अमेरिका-इजरायल का युद्ध शुरू हो गया। इसी दौरान 4 मार्च को अमेरिका ने इनमें से एक जहाज आईआरआईएस डेना को पनडुब्बी से हमला कर डुबो दिया। इस घटना में 100 से ज्यादा नाविक मारे गए थे। वहीं, एक अन्य जहाज को श्रीलंका, जबकि तीसरे जहाज आईआरआईएस लावन को भारत ने शरण दी थी।

### कमरे में भर गई खतरनाक गैस

# रातभर चालू रखा बाइक का इंजन, खत्म हुआ पूरा परिवार

एजेंसी ▶▶ चित्तूर

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के पुंगनूर कस्बे में ऐसा हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस घटना में परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है। घटना पुंगनूर के त्यागराजू स्ट्रीट इलाके की है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने हाल ही में अपनी बाइक का इंजन के कुछ हिस्सों की मरम्मत कराई गई थी। मैकेनिक ने उसे सलाह दी थी कि इंजन के नए पार्ट्स को ठीक से सेट करने के लिए बाइक को कुछ समय तक लगातार चलाना होगा या फिर स्टार्ट कर रखना होगा। इसी सलाह को मानते हुए उसने बाइक को घर के अंदर खड़ा कर दिया और उसका इंजन चालू छोड़ दिया। रात का समय था और ठंड भी काफी थी। ठंड से बचने के लिए परिवार ने घर के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दीं। सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला और परिवार का कोई सदस्य बाहर नहीं आया तो पड़ोसियों ने आवाज लगाई जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई।

### घर में भरी खतरनाक गैस ने ली जानें

*पुलिस ने बताया कि घर के अंदर बाइक का इंजन पूरी रात चालू रहा और उससे निकलने वाली गैस पूरे घर में फैल गई थी। बंद कमरा होने के कारण गैस बाहर नहीं निकल सकी और यही गैस पूरे परिवार के लिए जानलेवा बन गई। इस दर्दनाक घटना में पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे कालकवलित हो गए। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'



# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।

# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिल्म



'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं। स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

नई दिल्ली। शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया।






# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का



निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

**नई दिल्ली।** अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है। उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है।



## चिंतन

# अब होगी नेताओं के दावों की परीक्षा

देश के पांच राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी शंखनाद हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सत्ता की दौड़ तेज होगी। नेताओं के बड़े-बड़े दावे जनता की कसौटी पर परखे जाएंगे। करीब 17.4 करोड़ मतदाताओं और 824 विधानसभा सीटों पर होने वाला यह चुनाव केवल सरकार बदलने का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता और जनता की उम्मीदों की भी बड़ी परीक्षा है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही सियासी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं और राजनीतिक दलों ने अपने-अपने एजेंडे, वादों और रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। इन चुनावों की खास बात यह है कि यहां राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के बीच सीधी और कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। खासकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हमेशा तीखी रही है, जहां क्षेत्रीय दलों की मजबूत पकड़ है। ऐसे में राष्ट्रीय दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे। चुनावों के दौरान अक्सर नेताओं द्वारा विकास, रोजगार, महंगाई और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मुफ्त योजनाओं और जनहित के नाम पर नई-नई घोषणाएं मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रमुख माध्यम बन जाती हैं, लेकिन समय के साथ मतदाताओं की समझ भी परिपक्व हुई है। अब मतदाता केवल वादों और नारों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि पिछले कार्यकाल में सरकारों ने वास्तव में क्या काम किया है और जनता के जीवन में कितना बदलाव आया है। यही वजह है कि यह चुनाव नेताओं के दावों की असली परीक्षा बनकर सामने आएगा। चुनाव आयोग ने भी साफ कर दिया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई भी सरकार नई योजनाओं या घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है। चुनाव केवल नेताओं या राजनीतिक दलों की परीक्षा नहीं होते, बल्कि यह मतदाताओं की जिम्मेदारी और जागरूकता की भी कसौटी होते हैं। जब मतदाता अपने अधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए जरूरी है कि हर मतदाता इस लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने वोट का प्रयोग जरूर करे। आखिरकार, चुनाव केवल सत्ता हासिल करने की दौड़ नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने की प्रक्रिया भी है। नेताओं के लिए यह अवसर है कि वे केवल वादे करने तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के भरोसे को निभाने का संकल्प भी दिखाएं क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास ही होता है। मई में आने वाला जनादेश किसे सत्ता की जिम्मेदारी सौंपता है। जनता के लिए भी यह जिम्मेदारी के साथ चुनाव करने का मौका है। लोकतंत्र का यह उत्सव आखिर जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का आईना बनकर सामने आएगा।

## दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# मानवता का सबसे सशक्त सुरक्षा कवच है टीकाकरण

मानव सभ्यता के इतिहास में अदृश्य सूक्ष्मजीवों, वायरसों और जीवाणुओं ने समय-समय पर अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। इन प्राणघातक संकटों के विरुद्ध मानवता के पास सबसे सशक्त और अचूक अस्त्र 'टीकाकरण' ही रहा है। भारत में प्रतिवर्ष 16 मार्च को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक चेतना और लाखों जिंदगियों को अकाल मृत्यु से बचाने के संकल्प का उत्सव है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि कैसे विज्ञान ने प्रकृति के प्रकोप को नियंत्रित कर एक स्वस्थ समाज की नींव रखी है। टीकाकरण की महत्ता को समझना आज इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति विशेष की रक्षा करता है बल्कि एक अभेद्य सामुदायिक सुरक्षा तंत्र (हर्ड इम्यूनिटी) का निर्माण भी करता है। टीकाकरण की प्रक्रिया वास्तव में शरीर की आंतरिक रक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने की एक कला है। हमारे वातावरण में अनगिनत रोगजनक तत्व विचरण करते हैं, जो किसी भी क्षण हमें अपनी चपेट में ले सकते हैं। वैक्सीन इन खतरों के विरुद्ध शरीर में एक कृत्रिम प्रतिरक्षा जागृत करती है, जिससे हमारा शरीर वास्तविक संक्रमण होने पर उससे लड़ने के लिए पहले ही तैयार रहता है। यह चिकित्सा विज्ञान की वह अद्भुत उपलब्धि है, जिसने चेचक जैसी भयावह बीमारियों का नामोनिशान मिटा दिया और पोलियो जैसे अभिशाप को इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का मूल ध्येय समाज के हर वर्ग, विशेषकर नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह उन अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं, डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी क्षण है, जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर हर बच्चे तक 'सुरक्षा की खुराक' पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। यदि हम भारत के संदर्भ में टीकाकरण की ऐतिहासिक विजय गाथा का विश्लेषण करें तो 16 मार्च की तिथि स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1995 में देश में ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई थी, जो 'पल्स पोलियो अभियान' के व्यापक शंखनाद का प्रतीक बनी। 'दो बूंद जिंदगी की' का वह नारा केवल एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बन गया, जिसने देश के कोने-कोने में चेतना जगाई। उस समय भारत पोलियो के मामलों का प्रमुख केंद्र माना जाता था लेकिन निरंतर प्रयासों और टीकाकरण की शक्ति ने असंभव को संभव कर दिखाया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल में अंतिम मामला मिलने के बाद 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया। यह उपलब्धि प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और टीकाकरण का सही समन्वय हो तो किसी भी महामारी को परास्त किया जा सकता है। टीकाकरण की प्रासंगिकता केवल शिशुओं तक सीमित नहीं है। यद्यपि इसका आरंभ बाल्यकाल की सुरक्षा से होता है परंतु व्यस्क और वृद्धजनों के लिए भी यह उतना ही अनिवार्य है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस सत्य को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है। 2020 के बाद भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना केवल वैज्ञानिक नवाचार से ही संभव है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि टीकाकरण के लाभ केवल व्यक्तिगत आरोग्य तक सीमित नहीं रहते बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत में टीकाकरण की जड़ें बहुत गहरी हैं। दस्तावेजी प्रमाण बताते हैं कि 1802 में मुंबई की एक नन्ही बालिका को चेचक का टीका लगाकर इस आधुनिक सुरक्षा चक्र की शुरुआत हुई थी। उसके बाद 1896 में अनिवार्य टीकाकरण अधिनियम का आना और 20वीं सदी के प्रारंभ तक हैजा, प्लेग और टाइफाइड जैसी महामारियों के विरुद्ध टीकों की उपलब्धता ने भारतीय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की। टीकाकरण केवल दवा की बूंद नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की पहली शर्त है। आज जब हम आधुनिक प्रौद्योगिकियों के युग में जी रहे हैं, तब हमारा यह दायित्व है कि हम भ्रांतियों और अफवाहों को दरकिनार कर टीकाकरण को एक नागरिक कर्तव्य के रूप में अपनाएं। यदि हम 'पूर्ण टीकाकरण' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं तो भविष्य की पीढ़ियों को हम एक रोगमुक्त और निर्भय संसार उपहार में दे सकेंगे। हर साल लाखों जिंदगियां बचाने का यह संकल्प तभी फलीभूत होगा, जब 'सुरक्षा का यह चक्र' समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
महेन्द्र तिवारी

# डोनाल्ड ट्रंप के दावे और टूटता तिलिस्म

**ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है।**

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं।

ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई, जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (जीएसपी) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुंचाना था, लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है।

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा। दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश



नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ, जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ S-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं।

यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है, जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं। अंततः ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
**दर्शन**

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

# दूसरों को कमजोर समझने की गलती न करें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बड़ा बोझ क्यों बन रही शादियां?

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*– मनोज जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जनता देगी जवाब



टीएमसी वालों को यह याद रखना होगा कि उन्होंने केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश के आदिवासी समाज के साथ-साथ करोड़ों महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल की जनता-जनार्दन इसका भरपूर जवाब देगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांशीराम को मिले भारत रत्न



सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी जिसने करोड़ों बहुजनों को हक और आत्मसम्मान की राह दिखाई।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### ब्याज-मुक्त ऋण



युवा शक्ति ही सशक्त राजस्थान की असली पहचान है। उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### डबल इंजन सरकार



कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि असम के हर जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल होगा, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और एम्स होंगे, एक पानी के नीचे सुरंग होगी और भी बहुत कुछ। डबल इंजन सरकार ने इन सभी को हकीकत बना दिया है।

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

## करंट अफेयर

# हमलों के बाद 'काली बारिश' से ईरान की जनता को खतरा

अमेरिका व इजराइल के ईरान के तेल भंडारों पर किये गये हवाई हमलों कारण उठे जहरीले धुएं के बादल धरती पर 'काली बारिश' हुई। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके मद्देनजर जनता के लिए गंभीर खतरों की चेतावनी जारी की है। पिछले हफ्ते ईरान के कई तेल डिपो और एक रिफाइनरी पर हमले के बाद तेहरान के पास काली और तैलीय बारिश हुई, जिससे राजधानी के निवासियों ने आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दो सप्ताह से जारी युद्ध के दौरान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी काले धुएं के गुबार देखे गए। ईरान भी फारस की खाड़ी के पड़ोसी देशों के तेल और प्राकृतिक गैस भंडारों पर ड्रोन व मिसाइलों से हमला कर अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों का जवाब दे रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश अपेक्षाकृत कम समय में वायुमंडल से खतरनाक रसायनों को साफ कर देती है लेकिन काली बारिश के संपर्क में आने वाले लोगों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। यह तब होता है, जब राख और जहरीले रसायन वायुमंडल में पानी की बूंदों के साथ मिलकर बारिश के दौरान वापस पृथ्वी पर गिरते हैं। तेल रिफाइनरियों या तेल क्षेत्रों में आग लगने के बाद यह आम बात है।



## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### राज्य में कभी नहीं बनेगी ....

छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने का फैसला किया जबकि उन्हें यह मालूम था कि राज्य बनने के बाद यहां सरकार कांग्रेस की बनेगी। पिछले दो सालों में और भाजपा के पिछले 15 सालों में शत प्रतिशत गांव में विद्युतीकरण का काम हुआ है।

**डॉ. द्विवेदी** : पिछले कुछ दिनों से अफीम की खेती पर काफी चर्चा हो रही है इस पर क्या कहेंगे ?

**डिप्टी सीएम** : कांग्रेस सरकार के 5 सालों में जो नशे का कारोबार तेजी से फैला था यह उसी का परिणाम है। कांग्रेसियों ने छत्तीसगढ़ को नशे का घर बनाकर छोड़ दिया था। अभी जो अफीम की खेती पकड़ी जा रही है वह भाजपा की शक्ति और कानून व्यवस्था पर विश्वास के कारण हो रही है। बिना किसी शिकायत के भाजपा ने खुद ही जांच कराई और अब सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। यही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में नशे को खत्म करने के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अफीम के अलावा गांजे को भी जप्त करने के साथ नष्ट किया गया है।

**डॉ. द्विवेदी** : 2023 में तो आप प्रदेश अध्यक्ष थे इसके बाद भी लोरमी जैसी सीट पर चुनाव क्यों लड़े ?

**डिप्टी सीएम** : 2023 में चुनाव लड़ने का फैसला मैंने पार्टी पर छोड़ दिया था कि वह मुझे बतौर प्रत्याशी किस विधानसभा से उतारती है। 2018 के चुनाव में लोरमी सीट से भाजपा की 23 हजार वोटों से हार हुई थी तो चुनौती कठिन थी। लेकिन जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया और यहां के कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की एक जूता से मुझे 46 हजार वोटों से जीत मिली।

**डॉ.द्विवेदी** : मुंगेली जिले के लिए आप क्या कर रहे हैं ?

**डिप्टी सीएम** : मुंगेली जिले की जो भी जरूरतें होगी उन्हें पूरा किया जाएगा। फिलहाल हजार करोड़ की सड़कें बन रही हैं तो 500 करोड़ के काम अलग से हो रहे हैं। एग्रीकल्चर के साथ ही सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कृषि कॉलेज के लिए जमीन का चयन जारी है और अगले 2 सालों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। जिले में किस काम की कितनी उपयोगिता है इसको ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव बनाकर उसे पर काम हो रहा है।

**डॉ. द्विवेदी** : किस से अच्छी दोस्ती है, पुन्नू लाल मोहले , तोखन साहू , भूपेश बघेल या चरण दास महंत ?

**डिप्टी सीएम** : तोखन साहू मेरे अच्छे दोस्तों में से एक हैं जिस लोकसभा से मैं सांसद रहा वहां से वे अभी सांसद हैं, जिस विधानसभा से मैं विधायक रहा वहां से वे विधायक रहे हैं। पुन्नूलाल मोहले आदरणीय हैं और वरिष्ठ हैं। उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और चरण दास महंत से शिष्टाचारी संबंध हैं।

**डॉ. द्विवेदी** : अगले चुनाव में भाजपा की उम्मीद और कांग्रेस की संभावनाओं पर क्या बोलेंगे?

**डिप्टी सीएम** : भाजपा हमेशा काम के नाम पर वोट मांगती है। इस आधार पर यह दावा किया जा सकता है कि अब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार तो कभी नहीं बनेगी। भाजपा का ही मुख्यमंत्री अब छत्तीसगढ़ में रहेगा और हम जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे लोगों तक पहुंचते रहेंगे।

**डॉ द्विवेदी** : मुंगेली नगर पालिका की काउंसिल गठित नहीं हो पा रही है, आखिर क्यों ?

**डिप्टी सीएम** : लोकतांत्रिक व्यवस्था में जो भी जरूरी हो उसे करना चाहिए। काउंसिल गठन में कहीं कोई परेशानी हो रही है तो उसे जरूर दूर करना चाहिए। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए कि कांग्रेस की निर्वाचित कार्यकारिणी है तो उसमें कोई अवरोध हो। काउंसिल गठित होगी तभी बेहतर काम हो सकेगा।

### बंगाल की जंग ....

को शामिल नहीं किया जाना चाहिए।' उन्होंने बताया कि पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17.4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं।

### किस राज्य में ....

जीती थीं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी साल 2011 से लगातार सत्ता में है। इस बार चुनाव में एक तरफ लगातार तीन बार चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली ममता बनर्जी हैं तो वहीं दूसरी तरफ अपनी पूरी ताक़त से राज्य की सत्ता हासिल करने की कोशिश में लगी बीजेपी है।

**तमिलनाडु** : दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में बीजेपी लगातार अपनी सियासी ताक़त बढ़ाने के प्रयास में लगी है। यहां विधानसभा की 234 सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में डीएमके गठबंधन ने 159 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि एआईएडीएमके को 75 सीटों पर जीत मिली थी। यहां बीजेपी का प्रदर्शन दक्षिण भारतीय राज्यों में उसकी नई तस्वीर पेश कर सकती है।

**केरल** : केरल की बात करें तो यहां विधानसभा की 140 सीटें हैं। साल 2021 में हुए चुनावों में वामपंथी गठबंधन लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट ने जीत हासिल की थी। एलडीएफ ने इन चुनावों में 99 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन यूडीएफ को 41 सीटें मिली थीं। बीजेपी केरल में भी लगातार पार्टी को मजबूत करने में लगी है। इस बार का चुनाव बीजेपी के लिए भी राज्य में काफ़ी अहम माना जा रहा है।

**पुडुचेरी** : साल 2021 में पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 6 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि एआईएनआरसी को दस और डीएमके को छह सीटों पर जीत मिली थी। इस केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा की कुल 30 सीटें हैं।

### खेत से निकलकर ....

योजना थी। पहले प्लान में खसकस निकालकर इसे एमपी, राजस्थान भेजा जाता। दूसरे प्लान में डोडा चूरा निकलने की योजना थी। यह राजस्थानी ढाबा व छत्तीसगढ़ में बेच देते। तीसरा प्लान अफीम को राजस्थान और छत्तीसगढ़ में खपाकर कारोबार फैलाने का था, लेकिन सूचना मिलते ही उसके मनसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया। अफीम मिलने के बाद दुर्ग जिले में कई बाहरी खेतिहर पुलिस के संदेह के घेरे में आ गए हैं। इसे लेकर पुलिस व राजस्व विभाग जांच में जुटी हुई है। समोदा गांव के कई किसानों के खेतों पर पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है। पुलिस ने अब तक इसमें पांच आरोपी विनायक ताम्रकर, विकास विश्नोई, मनीष उर्फ गोलू ठाकुर, जोधपुर राजस्थान से छोटूराम, बेमेतरा से ढाबा से रणछेड राम उर्फ रणजीत, सुनील देवासी को पकड़ा है। अचलराम, श्रवण विश्नोई फरार हैं। घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र का है।

**ढाबे वालों को दिया था डोडा** : पुलिस ने बताया कि समोदा के अफीम से निकाले गए डोडा चूरण को सिमगा रोड पर कठिया के श्रीरामदेव होटल और राजस्थानी हाइवे ढाबे में दिया गया था। पुलिस ने यहां से राजस्थान निवासी रणछोड राम उर्फ रणजीत और सुनील देवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने डोडा 304 ग्राम, मिक्सी, नगदी 1.29 लाख रुपए, दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस ने विनायक ताम्रकर द्वारा और कितने राजस्थानी ढाबों वालो को डोडा दिया है, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा हमला

# असम को बनाया घुसपैठियों की जन्नत देश का विरोध करने लगे हैं राहुल

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहटी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में असम को घुसपैठियों के लिए जन्नत बना दिया गया था। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राज्य में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में जमीन मुक्त कराई है। शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई थी, तब असम को घुसपैठियों का अड्डा बना दिया गया था। हमने वादा किया था कि असम को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा के नेतृत्व में 1.51 लाख बीघा जमीन घुसपैठियों से मुक्त कराई गई है।



### राहुल गांधी पर भी साधा निशाना

शाह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का विरोध करते-करते उन्होंने देश का विरोध करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि खराब करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को विरोध का अधिकार है, लेकिन उसे जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। शाह ने यह भी कहा कि दुनिया जब भारत की प्रगति और युवाओं की क्षमता देखने के लिए एक मंच पर जुटती है, तब ऐसे प्रदर्शनों से देश की छवि प्रभावित होती है।

### असम दौरे पर कई परियोजनाओं का उद्घाटन

अपने असम दौरे के दौरान अमित शाह ने प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने गोलाघाट और तिनसुकिया में नए कैंसर केंद्रों का भी उद्घाटन किया है। सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं से असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वहीं राजनीतिक मंच से दिए गए शाह के बयान राज्य की सियासत को और तेज करने वाले माने जा रहे हैं।

### संसद की सीढ़ी चाय पकौड़े खाने के लिए नहीं

अमित शाह ने कहा- राहुल गांधी सदन से भाग जाते हैं। संसद की सीढ़ियों पर चाय पकौड़े खाते हैं। राहुल गांधी को ब्रेकफास्ट की जगह पता नहीं है। वह दूसरे देशों में भारत को बदनाम करते हैं। यहां से भारत के प्रधानमंत्री चुनकर गए। मनमोहन सिंह यहीं से सांसद बने पर असम की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं किया। आज मैं गौरव से कह रहा हूं कि 10 सालों में बीजेपी सरकार ने असम को हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। गृहमंत्री शाह ने कहा- एआई समिट को बदनाम करने की कोशिश की गई। कांग्रेस के लोगों ने कपड़े उतारकर मंच को बदनाम किया। आप नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते, देश का विरोध करने लगे हैं। अमित शाह ने कहा- कई बार अनेक राजनीतिक दलों ने क्षमा मांगी उनकी पार्टी ने भी मांगी। लेकिन राहुल गांधी ने क्षमा मांगने की जगह कहा कि जिन्होंने कपड़े उतारकर अर्धनग्न प्रदर्शन किया है, वह कांग्रेस के बब्बर शेर हैं।

### तीसरी बार में एक भी घुसपैठिया नहीं बचेगा

गृहमंत्री ने जनता से भाजपा को तीसरी बार जनादेश देने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी न केवल असम बल्कि पूरे देश से घुसपैठ की समस्या को खत्म करने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि यदि लोगों का समर्थन मिला तो अवैध घुसपैठ के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ओडिशा में तूफान, 200 से अधिक घर तबाह दो मृत, 10 गंभीर

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के मयूरभंज में रविवार का दिन तबाही लेकर आया। शाम करीब 4 बजे अचानक आए भीषण 'कालबैशाखी' (नॉरवेस्टर) तूफान ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि देखते ही देखते लगभग 200 घर मलबे में तब्दील हो गए। इस दर्दनाक प्राकृतिक आपदा में दो लोगों की जान चली गई। लगभग 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें केओंझार मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, दर्जनों अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं।एलएच-220 के पास आए इस बवंडर ने मयूरभंज के कई गांवों का मंजर बिल्कुल भयावह कर दिया।

### अभी टला नहीं है खतरा

भारतीय मौसम विभागने मयूरभंज के लिए सोमवार को भी 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसका अर्थ है कि अभी भी खराब मौसम की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा सुंदरगढ़, केओंझार, बालासोर और भद्रक जैसे जिलों में 'येलो अलर्ट' के जरिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटों में इन इलाकों में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका है।

### हवा में उड़ते दिखे वाहन

तूफान का असर इतना भयावह था कि किआ और कंकड़ा जैसे गांवों में तबाही के निशान हर तरफ दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, हवा का दबाव इतना अधिक था कि सड़क पर खड़े ऑटो रिक्शा और स्कूटर खिलौनों की तरह हवा में लुढ़कने लगे। बिजली के खंभे और सैकड़ों पेड़ उखड़ने की वजह से कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा।

### स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटीं

हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय प्रशासन, दमकल विभाग और पुलिस की टीमें राहत कार्य में जुट गई हैं। राज्य सरकार ने तुरंत कदम उठाते हुए मृतकों के परिवारों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रशासनिक अधिकारी अभी भी नुकसान का सटीक आकलन करने में जुटे हैं ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द जरूरी मदद पहुंचाई जा सके।

# केरल में कौडियार महल से दो करोड़ से अधिक के आभूषण चोरी

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित कौडियार महल से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण चोरी होने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पेरूरकटा पुलिस ने इस संबंध में त्रावणकोर शाही परिवार की वरिष्ठ सदस्य अश्वथी थिरुनल गौरी बाई की शिकायत के आधार पर शनिवार को मामला दर्ज किया। प्राथमिकी के अनुसार, गौरी बाई के कमरे में रखी अलमारी से अक्टूबर से नवंबर 2025 के बीच चोरी होने का संदेह है। इस संबंध में चोरी के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### त्रावणकोर राजपरिवार का आधिकारिक निवास

महल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की जा रही है और कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।कौडियार महल त्रावणकोर राजपरिवार का आधिकारिक निवास है। यह राजपरिवार स्वतंत्रता से पहले मध्य और दक्षिणी केरल के बड़े हिस्से पर शासन करता था। इस घटना को लेकर राजपरिवार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### शाही परिवार के विरासती हैं आभूषण

पुलिस के मुताबिक, लगभग 12 आभूषण गायब हैं, जिनमें 40 सॉवरेन (तौल की इकाई) से अधिक वजन के सोने के हार और अंगूठियां शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन आभूषणों के प्राचीन होने के कारण इनका वास्तविक मूल्य और अधिक होने की संभावना है क्योंकि ये शाही परिवार के सदस्यों को विरासत में मिले थे। महल प्रशासन ने आभूषणों के चोरी होने की पुष्टि के बाद पुलिस को मामले की सूचना दी ।

## पेज एक के शेष

### युद्ध की आग में उबला...

ऐसे में अंडों को गोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ता है।लेकिन इस बार गर्मी में एक नई परेशानी भी सामने आ गई है। अपने राज्य से दूसरे राज्यों में जाने वाले अंडों की संख्या कम हो गई है।

### 'अमृत' नहीं नमक... 900 सैंपल...

रहा है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों बजट दे रहे हैं। इसी कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ में आईडीडी प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिलों से नागरिक आपूर्ति निगम एवं अन्य निजी संस्थाओं के माध्यम से अमृत नमक एवं अन्य नमक के नमूने नियमित रूप से जमा कर उनकी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट से पता लगा है कि 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 के बीच कुल 407 सैंपल लिए गए। इन सभी सैंपल में निर्धारित मात्रा 15 पीपीएम से अधिक आयोडीन पाया गया।

**खाड़ी देशों में बढ़ा युद्ध का** : और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है। तैयारी के उपायों पर एक अद्यतन सूचना में सरकार ने कहा कि इसके अलावा, सुरक्षित रास्ता भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। होर्मुज जलडमरूमध्य में पोत परिवहन की दिक्कतों ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर असर डाला है। इसमें कहा गया, 14 मार्च, 2026 को, जब भारतीय ध्वज वाला जहाज जग लाडकी फुजैराह सिंगल पॉइंट मूरिंग पर कच्चा तेल भर रहा था, तो तेल टर्मिनल पर हमला हुआ। जहाज रविवार 10.30 बजे फुजैराह से लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित रूप से भारत के लिए रवाना हुआ। इसमें कहा गया है कि जहाज और उसमें सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। शनिवार को, दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' - लगभग 92,712 टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। सूचना के अनुसार, शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचेगा, और नंदा देवी 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर लंगर डालेगा। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे जो इस क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद से जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए थे। पश्चिमी इलाके पर 24 के अलावा, पूर्वी क्षेत्र में चार और जहाज फंसे हुए थे। पूर्वी इलाके में पर चार में से भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग प्रकाश, जो ओमान से अफ्रीका पेट्रोल ले जा रहा था, शुक्रवार को युद्ध प्रभावित इलाके को पार कर गया। जग प्रकाश ने ओमान के सोहर बंदरगाह से पेट्रोल लिया था और अब यह तंजानिया के टांगा जा रहा है। यह 21 मार्च को टांगा पहुंचने वाला है।

**भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित** : सरकार ने कहा कि इस इलाके में काम कर रहे भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं, और समुद्री परिचालन पर करीब से नजर रखी जा रही है। अभी, फारस की खाड़ी इलाके के पश्चिम की ओर 22 भारतीय ध्वजवाहक जहाज हैं जिन पर 611 नाविक हैं। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 60 प्रतिशत एलपीजी ज़रूरतें आयात से पूरी करता है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले और जवाबी ईरानी कार्रवाई से पहले भारत का आधे से ज़्यादा कच्चा तेल आयात, लगभग 30 प्रतिशत गैस और 85-90 प्रतिशत एलपीजी आयात सऊदी अरब और यूएई जैसे पश्चिम एशियाई देशों से आता था।

### गंगालुर क्षेत्र की ....

दिया है। इन छात्राओं को पोटाकेबिन की बताया जा रहा था, लेकिन बीजापुर जिला प्रशासन इसे सिरे से खारिज कर रहा है।

बीजापुर के कलेक्टर संबित मिश्रा ने घटना के संदर्भ में हरिभूमि से कहा कि ये छात्राएं घर में रहकर परीक्षा दे रही थीं। 11वीं की एक छात्रा पोटाकेबिन गंगालुर की थी, लेकिन पिछले अक्टूबर से वह अनुपस्थित है। उन्होंने कहा कि छात्राएं किसी रेसीडेंसियल छात्रावास की नहीं थी, इसलिए अधीक्षिका पर कार्रवाई करने का सवाल नहीं उठता। उन्होंने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच किए जाने की जानकारी भी दी। वहीं सूत्रों का दावा है कि दरअसल गर्भवती होने के बाद इन छात्राओं को छात्रावास से निकाला गया है। अब मामला उजागर होने के बाद पुलिस के गंगालुर पोटाकेबिन जाने और कुछ लोगों से पूछताछ करने की बात कहीं जा रही है। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन एसपी बीजापुर का मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ था और सीएमएचओ बीजापुर डॉ. बीआर पुजारी ने कॉल रिसीव नहीं किया।

**छात्रावास की व्यवस्था पर सवाल** : गर्भवती छात्राओं में से एक को नाबालिग बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। दूसरी तरफ छात्रावास अधीक्षिका ने इस मामले में अनभिज्ञता जताते हुए कहा है कि यह उनके कार्यकाल से संबंधित नहीं है। वैसे इस मामले के सामने आते ही इलाके में हड़कंप मच गया है और छात्रावास की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। आखिर छात्रावास में रह रही छात्राओं की इतनी बड़ी स्थिति की जानकारी प्रबंधन को कैसे नहीं हुई। वहीं छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

### सबको माफ करते ....

राणा बिस्तर पर लेटे हुए दिखाई देते हैं और उनकी नजरें लगातार ऊपर की ओर टिकी रहती हैं। उनकी आंखों में उदासी तो साफ दिखाई देती है, लेकिन चेहरे पर एक अजीब सी शांति भी नजर आती है। क्लिप में एक महिला उनके माथे पर चंदन का तिलक लगाती है। उस पल हरीश के चेहरे पर सालों की पीड़ा झलकती है, मगर साथ ही ऐसा भी लगता है जैसे उन्हें यह एहसास हो कि अब लंबे समय से सह रहे दर्द से मुक्ति मिलने वाली है। महिला हरीश का सिर सहलाते हुए कहती हैं कि सबको माफ करते हुए... सबसे माफी मांगते हुए अब जाओ।

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## सुरक्षा कर्मियों के साथ आने वाले व्यक्तियों को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा

# अब राम मंदिर में मोबाइल-हथियार पर पूरी तरह से लगा बैन

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि परिसर में आने वाले भक्तों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़ी नई गाइडलाइंस जारी की गई हैं। आगामी चैत्र नवरात्रि और बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने परिसर के अंदर मोबाइल फोन और हथियारों पर पूरी तरह रोक लगा दी है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सेक्रेटरी चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर में दर्शन के लिए अगर कोई व्यक्ति किसी सुरक्षाकर्मी के साथ आता है, तो उसे भी परिसर में एंट्री नहीं दी जाएगी।

**लाइसेंसी रिवॉल्वर और तलवार भी बैन** : ट्रस्ट सेक्रेटरी चंपत राय ने आगे बताया कि परिसर में लाइसेंसी रिवॉल्वर, तलवार या बंदूक जैसे हथियार भी कॉम्प्लेक्स के अंदर ले जाना मना है। हालांकि, सिख भाइयों के अधिकारों के मुताबिक, गले में सिर्फ एक छोटी किरपान, जिसे कानूनी तौर पर रखा जा सकता है, पहनी जा सकती है। ये छूट सिर्फ सिख समुदाय के सदस्यों के लिए है।



### व्रत रखने वालों के लिए खास इंतजाम

चंपत राय ने बताया, 19 मार्च को चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, इस दिन कई भक्त व्रत रख सकते हैं। व्रत की चीजें जगह पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसमें फल, मखाना, मूंगफली और आलू के चिप्स शामिल हैं, खासकर वो जो व्रत के खाने की पाबंदियों से मेल खाते हों।

### पीने का पानी और शौचालय की सुविधा

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सेक्रेटरी ने जानकारी दी कि परिसर में पीने के पानी का भी इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ ही टॉयलेट की सुविधा असेंबली एरिया के पास होगी। उन्होंने बताया कि एंट्री के लिए खास गेट के बारे में और जानकारी अगले एक-दो दिन में शेयर की जाएगी।


:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री संजीव कुमार अग्रवाल के पिता स्व. फुलचंद जी अग्रवाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम केसला प.ह.न. 26/48 तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा न. 519 एवं 520 कुल रकबा 0.486 हें. अर्थात 52312.60 वर्गफुट भूमि को मेरे पक्षकार के पिता द्वारा संयुक्त परिवार के फर्म की आय से प्राप्त धनराशि से उक्त संपत्ति को क्रय किया गया था, मेरे पक्षकार के पिता के मृत्यु के उपरांत उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार मे न्यागत हो चूकी है, मेरे पक्षकार के पुत्र स्नेहिल गोयल द्वारा मेरे पक्षकार के पिता के साथ छल-कपट की प्रवंचना कर बिना किसी हक हित अधिकार के उक्त संपत्ति का कथित दान पत्र विलेख निष्पादित कराया जाकर उक्त संपत्ति पर स्वयं का स्वामित्व होना दर्शित कर उक्त संपत्ति पर बिना किसी अधिकार के पंजाब नेशनल बैंक रायपुर से ऋण प्राप्त कर बंधककृत किया गया है, तथा मेरे पक्षकार के पुत्र द्वारा उक्त ऋण की अदायगी नही किये जाने पर मेरे पक्षकार के स्वामित्व की उक्त भूमि पर आस्ति वसूली की कार्यवाही किया जाकर संबंधित बैंक द्वारा विक्रय की सूचना प्रकाशित कर प्रस्तावित क्रेता का आमंत्रित किया गया है, उक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार का हक हित व अधिकार समाहित है, तथा फर्जी एवं कुटरचित दस्तावेज के आधार पर मेरे पक्षकार के पुत्र द्वारा स्वयं को स्वामी होना दर्शित किया गया है, मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में पृथक से न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत कर कथित दान पत्र एवं अन्य कार्यवाही को चूनौती दी जा रही है।

अतः आम सूचना के माध्यम से आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के सबंध मे स्वामित्व का निर्धारण एवं दान पत्र को चूनौती दिया जाकर व्यवहार वाद अतिशीघ्र प्रस्तुत किया जा रहा है, फलस्वरूप उक्त संपत्ति को किसी भी प्रकार के क्रय, विक्रय संव्यवहार न करे अथवा प्रस्तावित क्रेता को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का हक हित व अधिपत्य स्वामित्व प्राप्त नही होगा। अतः सूचना जानिए

रायपुर (छ.ग.) भवदीय दिनांक-11/03/2026
महेन्द्र के. तिवारी
एण्ड एसोसिएट्स रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9340608501, 9893362525



लापता/गुमशुदा



नाम- कांति लाल निषाद

पिता- धनवा निषाद, ग्राम गुजरा, पोस्ट डोमा, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) 1 जनवरी 2026 से लापता है, ग्राम गुजरा से रायपुर जाने के लिए निकला था। किसी भी सज्जन को मिले तो संपर्क करें, पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।

संपर्क सूत्र -
केवल निषाद मो. 6267661898
जयप्रकाश निषाद मो. 7746819225
हेमंत निषाद मो. 9754243766


## शब्द पहेली - 6166



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6165 का हल



## सूडोकु नवताल - 6176

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# स्मृति ने 5वीं बार जीता बेस्ट क्रिकेटर का अवॉर्ड, गिल को पॉली उमरीगर पुरस्कार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया। गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था।




## बीसीसीआई के समर्थन के लिए धन्यवाद : स्मृति

स्मृति मंधाना ने कहा, 'मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। यह वास्तव में एक शानदार साल रहा है। इसलिए धन्यवाद। बीसीसीआई ने जिस तरह महिलाओं के क्रिकेट का समर्थन किया, उसके लिए भी धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी और बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंचते रहेंगे।'

## बिन्नी, द्रविड़ और मिताली को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया।

## शेफाली, म्हात्रे हुए सम्मानित

शेफाली वर्मा को 2024–25 घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला सीनियर वनडे क्रिकेटर, ईरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू), हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर और आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मुझे टीम पर बहुत गर्व : कौर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पहली विश्व विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि



2025 का महिला वनडे वर्ल्ड कप जीतना एक ऐसा सपना पूरा होने जैसा था, जिसने देश के लिए क्रिकेट खेलने वाली हर महिला खिलाड़ी को प्रेरित किया था और उनकी टीम के लिए यह बहुत मायने रखता था। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है, क्योंकि जिस दिन से महिला क्रिकेट शुरू हुआ है हम आईसीसी ट्रॉफी उठाने का सपना देखते आ रहे हैं। सभी महिला क्रिकेटर यही सपना देखती रही हैं।



## मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान : गिल

गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारुपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, ' मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था।

### खबर संक्षेप

## थीगाला ने की बढ़त मजबूत, शीर्ष पर वापसी




**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं।

## 31 मार्च को भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था।

## पावरप्ले में मैच छीन सकते हैं संजू : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा और सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने कहा, 'हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।' गंभीर ने कहा, ' मैंने उसे जिम में यह बात बताई।

### इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट : दानिल ने सीधे सेटों में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से हराया

# अल्कारेज की अजेय लय टूटी, मेदवेदेव ने दी साल की पहली हार, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▸▸ इंडियन वेल्स

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

**खिताब के लिए मेदवेदेव का मुकाबला सिनर से**

## मेदवेदेव की 2023 के बाद अल्कारेज पर पहली जीत

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है।

## सिनर ने ज़्वेरेव को 1 घंटे 23 मिनट में ही हराया

सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।




## आंद्रेओजी और गुइनार्ड ने जीता डबल्स का खिताब

गुइडो आंद्रेओजी और मैनुअल गुइनार्ड ने इंडियन वेल्स ओपन के डबल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को हुए फाइनल में आंद्रेओजी और गुइनार्ड की जोड़ी ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटिन वचेरोट को 7-6(3), 6-3 से हराकर खिताब जीता। यह मैच 1 घंटा 23 मिनट तक चला। कैलिफोर्निया में उनकी खिताबी जीत के सफर में कई बड़ी जीतें शामिल रहीं। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट में पहले चौथी सीड क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कूप्स्की को हराया, फिर टॉप सीड मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। गुइनार्ड के लिए, इंडियन वेल्स का टाइटल उनका दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन है। इससे पहले, उन्होंने 2025 में रोमेन अर्नेओडो के साथ रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स में जीत हासिल की थी। आंद्रेओजी ने एटीपी टूर फाइनल्स में अपने मजबूत रिकॉर्ड को पांच में से चार जीत तक बेहतर किया, इससे पहले उन्होंने क्रोएशिया ओपन उमाग (2024), अर्जेंटीना ओपन (2025), और स्वीडिश ओपन (2025) में खिताब जीते थे।

### स्पेनिश फुटबॉल लीग

## रियाल मैड्रिड ने एल्चे को हराया पहुंचा बार्सिलोना के करीब




एजेंसी ▸▸ बार्सिलोना

फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है।

**वाल्वरडे ने घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को किया दोगुना**

# दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, न्यूजीलैंड को 91 रन पर समेटा

एजेंसी ▸▸ माउंट मोनगानुई

दक्षिण अफ्रीका में पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।




## न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में गंवाए पांच विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रन आउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। नकोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

# प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कॅरियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

# सरफराज अहमद ने छोड़ा बल्ला सभी प्रारुपों को कहा अलविदा

एजेंसी ▸▸ कराची




भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया।

सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है। सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर में खेला था। उन्होंने कहा कि वह अपनी अन्य भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ' मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं पाकिस्तान की तीनों प्रारुप में कप्तानी करूंगा तथा 2006 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतूंगा। ये मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण रहे हैं।' सरफराज ने पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारुप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

### मर्सीडीज के लिए पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन

# चीन ग्रां प्रीः फॉर्मूला वन के दूसरे कम उम्र के विजेता बने एंटोनेली

एजेंसी ▸▸ शंघाई

किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा।




## रसेल ने किया दूसरा स्थान हासिल

एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी।

## बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली फॉर्मूला वन रेस रद्द



**शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, 'पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, 'हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी।फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, 'फिया हमेशा हमारे समुदाय और सहकर्मियों की सुरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी।

## विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप : भारत ने जीते 5 पदक, चंद्रिका को स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुवाई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं।



# MATS UNIVERSITY

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY STATE PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH A+ GRADE BY NAAC

## ADMISSION OPEN JANUARY 2026 SESSION

### UGC-DEB APPROVED PROGRAMS

### OPEN & DISTANCE LEARNING PROGRAMES

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.A. | M.A. Hindi | B.Sc. (General) | M.B.A. | B.Lib.I.Sc. | D.C.A. |
| B.Com. | M.A. English | M.Sc. Chemistry | M.C.A. | M.Lib.I.Sc. | P.G.D.C.A. |
| B.B.A. | M.Com. | M.Sc. Maths | B.C.A. | M.S.W. | M.A. Education |

**HIGHLIGHTS**

- UGC-Compliant Programs
- Flexible Study Schedule
- Expert-Prepared Study Material
- Affordable University Degree
- Dedicated Learner Support Fees
- Flexible Payment Mode

www.matsodl.com

Call Toll Free : 8152079999 Mobile: 9109850103, 8827640300

### ONLINE PROGRAMS (UGC-DEB APPROVED)

M.B.A. | M.C.A. | B.C.A. | B.B.A. | B.Com. | D.C.A. | P.G.D.C.A.

**HIGHLIGHTS**

- 100% Digital Learning Program
- Continuous Assessment System
- Recorded and Interactive Lectures
- Career-Oriented Curriculum
- Learn on Mobile or Laptop
- Flexible Payment Mode

www.matsuniversityonline.com

Call Toll Free : 8152079999 Mob: 9109850103, 8827640300



### JANUARY 2026 ADMISSION SESSION

## SPECIAL SCHOLARSHIPS*

- 20% Scholarship – All Female Candidates
- 20% Scholarship – Ex-Servicemen (Defence/ Police)
- 20% Scholarship – Senior Citizens
- 20% Scholarship – Sports Person's (State/National)
- 20% Scholarship – Government Officials
- 25% Scholarship – SC/ST Candidates
- 30% Scholarship – BPL Card
- 20% Scholarship – Jain Minority Candidates
- 20% Scholarship – Corporate Tie-up Candidates
- 20% Scholarship – MATS University Students & Alumni

*(Scholarship Is applicable for In campus candidates only)
*(Scholarship is applicable for January 2026 session only)

FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel** : 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9755899381, 8827891700, 9109994500


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com